षोडश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-02 शुक्रवार, दिनांक- 26 फरवरी, 2016 ई० ।

मानतीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.17 बजे पूर्वा० तक ।

[1] शपथ ग्रहण या प्रतिज्ञान :- सभा सचिव द्वारा महामहिम राज्यपाल से प्राप्त निम्नांकित संदेश को सभा में पढ़कर सुनाया गया :-

"भारत के संविधान के अनुच्छेद 188 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, रामनाथ कोविन्द, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान सभा के अध्यक्ष, श्री विजय कुमार चौधरी को वह व्यक्ति नियुक्त करता हूँ, जिसके समक्ष, बिहार विधान सभा उप-निर्वाचन, 2016 में बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-31-हरलाखी से निर्वाचित सदस्य अपना स्थान ग्रहण करने के पूर्व शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे ।

पटना रामनाथ कोविन्द

दिनांक-25 फरवरी, 2016 राज्यपाल, बिहार।"

तत्पश्चात् सभा सचिव द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय से निदेश प्राप्त होने के पश्चात्, माननीय सदस्य श्री सुधांशु शेखर, क्षेत्र संख्या-31-हरलाखी का नाम पुकारा गया ।

माननीय सदस्य श्री सुधांशु शेखर, क्षेत्र संख्या-31, हरलाखी ने शपथ ग्रहण किया ।

[2] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 03 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iii) 82 तारांकित प्रश्न अनागत ।

"इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण राज्य में गिरती विधि व्यवस्था के विषय पर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए । आसन द्वारा नेता, विरोधी दल से बार-बार अनुरोध किया गया कि वे अपने सदस्यों से सीट पर बैठने के लिए कहें । आप पुराने सदस्य हैं और जानते हैं कि सदन नियम से चलता है, कार्य स्थगन प्रस्ताव उठाने एवं ग्राह्यता की भी प्रक्रिया है । उसके विषय में नियमावली में जो समय निर्धारित है उस समय में नियमन दूँगा । हम सभी चाहते हैं सदन नियमावली के अनुरूप चले ।

आसन के अनुरोध के बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 12.00 बजे मध्याह्न तक के लिए स्थगित हुई ।"

स्थगनोपरांत

(12.00 मध्याह्न से 12.15 बजे अपराह्न तक)

[3] कार्य स्थगन :-

माननीय सदस्य श्री अरुण कुमार सिन्हा, श्री संजय सरावगी, श्री विजय कुमार सिन्हा, श्री तार किशोर प्रसाद, श्री (डा०) सुनील कुमार एवं श्री विनोद कुमार सिंह से प्राप्त कार्य स्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

[4] कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन :-

माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग श्री श्रवण कुमार द्वारा दिनांक 25.02.2016 को संपन्न हुई कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के प्रतिवेदन को सभा पटल पर रखा गया जिस पर सदन की सहमति हुई ।

[5] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत माननीय सदस्य श्री महबूब आलम द्वारा शून्यकाल की सूचना पढ़ी गयी ।

[6] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह एवं अन्य सभासदों का गन्ना उद्योग विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण की सूचना अपृष्ट ।

(ii) श्री अवमित ऋषिदेव, स०वि०स० से प्राप्त पथ निर्माण/ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण की सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा प्रभारी मंत्री, श्री शैलेश कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

"इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी मांगों को लेकर वेल में शोरगुल करते रहे ।"

सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(2.00 बजे अपराह्न से 6.00 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[7] वित्तीय कार्य :-

वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक विवरणी का उपस्थापन :-

(i) माननीय मंत्री वित्त श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक विवरणी को सदन में उपस्थापित किया गया तथा बजट भाषण दिया गया ।

(ii) माननीय मंत्री वित्त श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा वित्त वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन में उपस्थापित किया गया ।

[8] महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद :-

माननीय सदस्य श्री अशोक कुमार सिंह ने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव प्रस्तुत किया तथा पक्ष रखा । इस बीच आसन के निदेश पर माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग श्री श्रवण कुमार के प्रस्ताव पर सदन की अवधि 6.00 बजे अपराह्न तक विस्तारित की गई ।

माननीय सदस्य श्री मुन्द्रिका सिंह यादव ने धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन किया एवं अपना पक्ष रखा ।

"इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया ।"

"कुछ समय बाद माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।"

आसन से घोषणा की गई कि माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री प्रेम कुमार द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रस्तुत किया गया संशोधन नियमानुकूल है तथा इसे सदन की सहमति से पढ़ा हुआ माना जाये ।

तदुपरांत माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा अपना संशोधन प्रस्तुत करते हुए पक्ष रखा गया ।

धन्यवाद प्रस्ताव एवं संशोधन प्रस्ताव पर वाद विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री रामदेव राय

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री इलियास हुसैन ने आसन ग्रहण किया ।)

(ii) श्री (मो०) नेमतुल्लाह

(iii) श्री सुदामा प्रसाद

(iv) श्री मेवालाल चौधरी

(v) श्री समीर कुमार महासेठ

(vi) श्री ललन पासवान

आसन से घोषणा की गयी कि यह वाद-विवाद कल दिनांक-27 फरवरी, 2016 को भी जारी रहेगा ।

[9] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल-06 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक शनिवार, दिनांक-27 फरवरी, 2016 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-26.02.2016

राजीव कुमार
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।